Dr. Sunil Kr. Suman
Assistant Professor (Guest)
Dept. of Psychology
D.B. college Jaynagar
L.N.M.U. Darbhanga

Study material
B.A. Part-II (H)
Paper-III
Date-

Introduction of Psychopathology.

Definition, scope, Historical antecedents of ~~Psy~~ Psychopathology.

Definition of Psychopathic & Abnormal Psychology:- असमान्य मनोविज्ञान या मनोविकृति की परिभाषा:-

असामान्य मनोविज्ञान मनोविज्ञान की एक प्रमुख शाखा है जिसमें असामान्य व्यक्ति के व्यवहारों एवं मानसिक प्रक्रियाओं का वैज्ञानिक अध्ययन किया जाता है। इसे मनोविकृति विज्ञान (psychopathology) भी कहा जाता है जिसका शाब्दिक अर्थ होता है:- मन का रोगविज्ञान (pathology of mind)। इससे स्पष्ट होता है कि असामान्य मनोविज्ञान का विषय-वस्तु असामान्य व्यवहार (abnormal behaviour) का अध्ययन है। इस बिन्दु को स्पष्ट करने कुछ हमें कुछ असामान्य मनोविज्ञान की कुछ अग्रांकित परिभाषाओं से मिलती है।

○ स्ट्रेंज (Strange, 1977) के अनुसार "असामान्य मनोविज्ञान, मनोविज्ञान की वैसी शाखा है जिसका संबंध विकृत व्यवहारों के निदान, वर्गीकरण, उपचार एवं उनकी व्याख्या करने के लिए उपयुक्त सिद्धांतों से होता है।" "Abnormal Psychology is the branch of Psychology that is concerned with the behaviour disorders, their diagnoses, the classification, their treatment and theories that explain them". (Strange - 1977)

Scanned with CamScanner

(2) (ii) किस्कर (Kisker, 1985) के अनुसार "असामान्य मनोविज्ञान, मनोविज्ञान की एक विशिष्ट शाखा है जो व्यक्तित्व सम्बद्ध अशांति तथा व्यवहार रोगों का अध्ययन करता है।" "Abnormal psychology is a specialized field of a psychology dealing with personality disturbance and behaviour disorders."!- Kisker- 1985

(3) ऑल्टमान्नस तथा ईमरी (altmanns & Emery- 1995) के अनुसार "~~असामान्य मनोविज्ञान~~ "मानसिक रोगों के अध्ययन में मनोवैज्ञानिक विज्ञान का उपयोग ही असामान्य मनोविज्ञान कहलाता है" "Abnormal psychology is the application of psychological science to the study of mental disorders." — Oltmanns & Emery - 1985

कारसन एवं बुचर (Carson & Butcher, 1992) के अनुसार "असामान्य मनोविज्ञान या मनोरोग विज्ञान को लम्बे अरसे से मनोविज्ञान का एक ऐसा क्षेत्र समझा जाता है जो असामान्य व्यवहार को समझने, उपचार तथा उसके रोकथाम से संबंधित है।" Abnormal psychology or ~~Psych~~ psychopathology had long been refer to as that part of the field of psychology. which is concerned with the understanding, treatment ~~&~~ and prevention of abnormal behaviour." — Carson & Butcher- 1992

इन प्रमुख भाषाओं का विश्लेषण करने पर हमें असामान्य मनोविज्ञान के बारे में निम्नलिखित तथ्य प्राप्त होते हैं।

(1) (i) असामान्य मनोविज्ञान या जिसे मनोरोग विज्ञान (~~Path~~ (Psychopathology) भी कहा जाता है, मनोविज्ञान की एक विशिष्ट शाखा है।

में

P.T.O

(ii) असामान्य मनोविज्ञान में असामान्य व्यवहारों का अध्ययन किया जाता है। विशेषकर असामान्य व्यवहार का निदान (diagnosis) उसका वर्गीकरण, उपचार तथा रोकथाम पर बल डाला गया है।

(iii) असामान्य मनोविज्ञान में असामान्य व्यवहारों की सैद्धांतिक व्याख्या (theoretical explanation) करने की कोशिश की जाती है। इस व्याख्या में भी अन्य शाखाओं के समान महत्वपूर्ण तथ्यों की व्याख्या कुछ प्रमुख सिद्धांतो के रूप में की जाती है।

निष्कर्षतः यह कहा जा सकता है कि असामान्य मनोविज्ञान मनोविज्ञान की ऐसी शाखा है जिसमें व्यक्ति के असामान्य व्यवहारें एवं असामान्य मानसिक प्रक्रियाओं के निदान, वर्गीकरण, रोकथाम, उपचार से संबंधित तथ्यों का अध्ययन किया जाता है और आवश्यकतानुसार उसकी वैज्ञानिक व्याख्या के लिए सिद्धान्त का निर्माण किया जाता है।

End

Scanned with CamScanner